# गन्ना और चीनी उत्पादन में रिकार्ड वृद्धि



प्रदेश में विगत चार वर्षों में गन्ना उत्पादकता में 9.12 टन प्रति हेक्टेयर की वृद्धि हुई। वर्ष 2016-17 की गन्ना उत्पादकता 72.38 टन प्रति हेक्टेयर से बढ़कर अब 81.50 टन प्रति हेक्टेयर हो चुकी है। गन्ने की उत्पादकता में वृद्धि होने से किसानों की आय में औसत 320 रुपये प्रति क्विंटल की दर से 29184 रुपये प्रति हेक्टेयर की वृद्धि हुई है। किसानों को समय से भुगतान होने और चीनी मिलों के नियमित संचालन से प्रदेश में वर्ष 2017 से लेकर अब तक 475.69 लाख टन चीनी का रिकार्ड उत्पादन हुआ, जो योगी सरकार की पूर्ववर्ती सरकार के कुल चीनी उत्पादन 351.43 लाख टन से 124.26 लाख टन अधिक है।